# जायका परियोजना के माध्यम से विकसित होंगे गुणवत्तापूर्ण प्रजातियों के 60 लाख पौधे: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में आयोजित जाईका की वानिकी एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजनाओं (एनआरएम) की तीन दिवसीय 12वीं वार्षिक कार्यशाला को धर्मशाला से वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश के हरित आवरण को बढ़ाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में, राज्य में लगभग 28 प्रतिशत हरित आवरण है और प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए लिए जाईका द्वारा वित्त पोषित वानिकी और एनआरएम परियोजनाओं ने राज्य में हरित क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले दो वर्षों में, उन्नत तकनीकों की मदद से 4 हजार 600 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर पौधारोपण किया गया है। सामुदायिक और वानिकी उद्देश्यों के लिए परियोजनाओं के माध्यम से उच्च गुणवता वाली पौध तैयार करने तथा 60 लाख से अधिक महत्वपूर्ण गुणवतापूर्ण प्रजातियों के पौधे विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त, राज्य भर में 72 नर्सरी का नवीकरण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल जैसे कृषि प्रधान राज्य में वन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदेश की अधिकांश आबादी अपनी आजीविका और अन्य रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए वन संसाधनों पर अधिक निर्भर है। जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने पर्यावरण हितैषी संसाधनों और समाधानों की खोज तथा वन संपदा को संरक्षित एवं बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।
मुख्यमंत्री ने सात जिलों में 460 ग्राम वन विकास समितियों वीएफडीएस और 900 से अधिक स्वयं सहायता समूहों एसएचजी के गठन के माध्यम से संयुक्त वन प्रबंधन गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण के लिए परियोजना के प्रयासों की सराहना की।
परियोजना में वन आधारित समुदायों और वन विभाग के कर्मचारियों के लिए कौशल उन्नयन और क्षमता निर्माण को भी प्राथमिकता दी गई है।
जलवायु परिवर्तन और अन्य आपदाओं से उत्पन्न जोखिमों को कम करने के उद्देश्य से 15 हजार से अधिक व्यक्तियों को आजीविका गतिविधियों और वनों के सुधार के दृष्टिगत प्रशिक्षित किया गया है।
हरित और सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य बनाना वर्तमान प्रदेश सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इस दिशा में राज्य सरकार ने कई पहल की हैं। भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि जाईका द्वारा वित्तपोषित परियोजना हिमाचल को हरित राज्य बनाने की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# चंबा भरमौर राष्ट्रीय मार्ग पर कार दुर्घटनाग्रस्त

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**




पठानकोट-चंबा-भरमौर उच्च मार्ग पर लाहल नामक स्थान पर एक कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद बुडल नाले में गिरने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस तुरंत सूचना मिलते ही घटना पर जा पहुंची है उसके साथ अग्निशमन विभाग भी पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि यह कार भरमौर उपमंडल के गांव मलकोता के एक व्यक्ति की है जो मंगलवार शाम को अपने घर की ओर रवाना हुआ पर घर ना पहुंचा। आशंका जताई जा रही है कि जब गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई उस समय गाड़ी चालक ही उसमें सवार था। सडक से नाला इतनी गहराई में है कि वहां गाड़ी गिरने के बाद उसमें सवार किसी के सुरक्षित होने की संभावना बेहद कम नजर आ रही है। गाड़ी में कितने लोग सवार थे इन बातों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। नाले के बीचो-बीच गिरी कार तक पहुंचना पुलिस और अग्निशमन विभाग के लिए भी चुनौती से कम नहीं है, क्योंकि वहां तक जाने के लिए कोई भी मार्ग नहीं है। यही वजह है कि मौका, वारदात तक पहुंचने में देरी हो रही है।
एसडीएम भरमौर कुलवीर राणा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि भरमौर उपमंडल प्रशासन के पास अभी तक में है यही एक जानकारी है कि यह कार मलकोता नामक स्थान पर नाले में गिरी है इसमें कितने लोग सवार थे इस बारे फिलहाल कोई पुख्ता जानकारी नहीं है पुलिस तथा अग्निशमन दस्ता घटनास्थल पर पहुंचकर अपने कार्य में जुटा हुआ है। बताया यह भी जा रहा है कि कार में मात्र चालक ही सवार था।

## न्यूज फ्लैश

### खलियार में कैंपस इंटरव्यू का किया आयोजन


**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



जिला रोजगार कार्यालय मण्डी द्वारा बुधवार को रोजगार कार्यालय, खलियार में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इस इंटरव्यू में दो निजी कंपनियां बजाज एलियांज लाइफ इन्सुरेंस कंपनी लिमिटेड मण्डी और भारत बुकिंग हॉलिडे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मनाली द्वारा लगभग 50 पदों को भरने हेतु साक्षात्कार लिए गए। जिसमें विभिन्न पदों जैसे की सीनियर सेल्स मैनेजर, एक्जुकेटिव सेल्स मैनेजर, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर बिजनेस सेल्स मैनेजर, टेलीकॉलर एक्जूटिव्स के लिए साक्षात्कार लिए गए। जिला रोजगार कार्यालय के क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि दो कंपनियों द्वारा जिला रोजगार कार्यालय में साक्षात्कार लिए गए है जिसमें 50 के करीब अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिए। यंग प्रोफेशनल विप्लव ठाकुर ने कहा कि कंपनी को लगभग 50 पदों के लिए साक्षात्कार लेने हैं तथा लगभग 50 के करीब अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पहुंचे हैं विप्लव ठाकुर ने कहा कि चयनित आवेदकों को 10,000 से लेकर 25,000 प्रति माह वेतन दिया जायेगा।

### आजादी के 75वें में अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर मेडिकल कॉलेज चंबा में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**



पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकारी मेडिकल कॉलेज चम्बा में 75वे आजादी अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर संस्कृतिक गौरव विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एमबीबीएस बैच 2019 के 120 प्रशिक्षुओ ने भाग लिया। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के माध्यम और दिशा निर्देश के अनुसार यह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चम्बा के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने की। इस मौके पर डॉ. पंकज गुप्ता ने कहा कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हम सबके लिए के प्रशंसा और गर्व की बात है। भारत एक ऐसी भूमि जो हजारों वर्षों से सभ्यता का उद्गम स्थल रही है, परंपराओं, रीति-रिवाजों, भाषाओं और कलाओं के विविध चित्रपटों का घर है। हमारी सांस्कृतिक विरासत न केवल हमारे लिए अत्यधिक गौरव का स्रोत है, बल्कि यह हमारे महान राष्ट्र की एकता का भी एक वसीयतनामा है। इस प्रतियोगिता में अक्षित अटवाल ने प्रथम स्थान तो भाविका महाजन, रोहित नड्डा और मीनाक्षी को प्रतियोगिता में भाग लेने पर मेडिकल कॉलेज चम्बा के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

### एचडीएफसी बैंक ने एक विशेष भर्ती प्रोग्राम के तहत नई भर्तियों की शुरूआत की

**शिमला**: एचडीएफसी बैंक भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने फ्यूचर बैंकर्स 2.0 प्रोग्राम को लॉन्च किया है जो युवा ग्रेजुएट्स को एक वर्षके भीतर बैंकिंग प्रोफेशनल्स में बदलने के लिए एक ऑल इंडिया भर्ती कार्यक्रम है।मणिपाल ग्लोबल एकेडमी ऑफ बीएफएसआई के सहयोग से पेश किया जाने वाला फ्यूचर बैंकर्स 2.0 एक साल का प्रोफेशनल डिप्लोमा है जिसका उद्देश्य एचडीएफसी बैंक के रिटेल बैंकिंग बिजनेस जो बैंक के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है के मजबूत भविष्य के लिए टेलेंट पाइप लाइन तैयार करना है।विनय राजदान,प्रमुख मानव संसाधन अधिकारी,एचडीएफसी बैंक ने कहा फ्यूचर बैंकर्स 2.0 पोस्ट ग्रेजुएट्स को प्रमाणित ग्रेट प्लेस टू वर्क पर अपना करियर शुरू करने का एक सुनहरा अवसर देता है।नयी भर्तियों को एक बैंकिंग इंडस्ट्री के लीडर के साथ काम करने पर एम्प्लोयी को सर्वश्रेष्ठ लोगों के काम करने के तौर तरीको को श्रेष्ठता से सीखने का मौका मिलेगा।फ्यूचर बैंकर्स 2.0 के तहत स्टूडेंट्स को प्रतिस्पर्धी वेतनमान पर नौकरी पर प्रेक्टिकल ट्रेनिंग प्राप्त करने और सीखने के दौरान कमाई का एक अविश्वसनीय अवसर मिलेगा।

# नोटबंदी के बाद बैंकों में उमड़ी भीड़



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

आरबीआई के निदेर्शानुसार दो हजार रुपये के नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। पावंटा साहिब के बैंकों में आज खूब भीड़ नजर आई। जहाँ मुख्य बाजार में स्थित एसबीआई बैंक, यूनियन बैंक, युको बैंक में लोगों की कतारें लगी रही। आरबीआई द्वारा शुक्रवार रात 2000 रुपये के नोट को पूरी तरह वापस लेने के फैसले के बाद बैंकों में दो हजार रुपये के नोट अपने खाते में जमा कराने वालों की भीड़ शुरू हो गई है। मौके पर मौजूद मैनेजर सुधीर कुमार ने कहा की फिलहाल आज के दिन बैंकों में भीड़ लगी है। उन्होंने लोगों से कहा कि जल्दबाजी न करें संयम रखे क्योंकि अभी काफी लम्बा समय लोगों को दिया गया है और सबसे बड़ी बात यह है कि बीस हजार तक की राशि ग्राहक एक बार मे जमा कर सकते है।

# कीतरपुर-मनाली फोरलेन प्रदेश के लिए पीएम मोदी का बड़ा तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



कीतरपुर से मनाली तक बन रहा फोरलेन प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रदेश वासियों के लिए बड़ा तोहफा है। यह शब्द नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने आज इस प्रोजेक्ट पर हणोगी से झलोगी तक बनी पांच टनलों का अवलोकन करने के उपरांत कही। इन टनलों को हाल ही में यातायात के लिए खोला गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के बनने से न सिर्फ सामरिक दृष्टि से सेना को लाभ पहुंचेगा बल्कि प्रदेश के पर्यटन कारोबार में भी चार चांद लगेंगे। स्थानीय लोगों के जीवन में भी इससे परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस प्रोजेक्ट के उदघाटन का आग्रह किया गया है और इसका कार्य पूरा होते ही इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। यह प्रधानमंत्री की तरफ से प्रदेश के लोगों के लिए बड़ा तोहफा होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट का कार्य अंतिम चरणों में है और एनएचएआई इसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास कर रही है। इन टनलों के बन जाने से अब प्रदेश के लोगों के लिए चंडीगढ़ पहुंचना मुश्किल नहीं बल्कि आसान हो जाएगा। जहां चंडीगढ़ के लिए 5 से 6 घंटे का सफर तय करना पड़ता था वहीं अब उससे लगभग आधा समय ही लगा करेगा। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने टनलों की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और यहां तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत करके सारी जानकारी हासिल की। जयराम ठाकुर के साथ जिला के अन्य विधायक और नेता भी मौजूद रहे।

# पानी की बाल्टी में डूबकर मरी एक साल की बच्ची

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



जिला सिरमौर के गिरिपार की ग्राम पंचायत शिल्ला के शिमलधार गांव में एक साल की मासूम बच्ची पानी से भरी बाल्टी में डूब गई, जिस कारण उसकी मौत हो गई है। बता दें मृतक बच्ची की उम्र एक साल 2 महीने थी। वहीं इस खबर के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मां पूजा व पिता प्रकाश समेत दादा-दादी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। जानकारी के मुताबिक, बच्ची घर के बाहर आंगन में खेल रही थी। बच्ची की मां पूजा भी वही मौजूद थी। इसी दौरान बच्ची घर के आंगन में मौजूद पानी की बाल्टी के पास पहुंच गई। बता दें नन्ही बच्ची अभी ठीक से खड़ा होना भी नहीं सीखी थी और खेलते खलते उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी से भरी बाल्टी में जा गिरी।इस दौरान कुछ ही देर में ठंडे पानी में दम घुटने से मासूम की मौत हो गई। जब बच्ची की माँ ने उसे पानी की बाल्टी में देखा तो उसके होश उड़ गए। इस दौरान जब तक परिजन कुछ कर पाते तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वहीं बच्ची की मौत से परिजनों पर दुःखो का पहाड़ टूट पड़ा है।

# पीर बाबा शामदार में रविवार को भंडारे का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

हर वर्ष की भांति इस बार भी पीर बाबा शाम दार में रविवार 28 मई को (उर्स) भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शामदार भंडारा कमेटी के महासचिव आजम शेख ने दी उन्होंने बताया कि पीर बाबा शामदार (कठुना) में भंडारा कमेटी कई वर्षों से भंडारे का आयोजन करती चली आ रही है तथा भंडारा कमेटी श्रद्धालुओं के लिए मीठे पानी की छबील के साथ-साथ चंम्बियाली धाम का प्रबंध प्रसाद के रूप में करती है।

# इंद्र दत्त लखनपाल ने पीएचसी बड़ागांव में किया सेमी ऑटो एनालाइजर का किया लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में अत्याधुनिक सेमी ऑटो एनालाइजर का लोकार्पण किया। लगभग दो लाख रुपये की इस अत्याधुनिक मशीन से मरीजों के खून, शुगर, कॉलेस्ट्रॉल, लीवर, किडनी और अन्य टैस्टों की रिपोर्ट तुरंत मिल सकेगी। पहले क्षेत्रवासियों को ये टैस्ट करवाने के लिए लगभग 12 किलोमीटर दूर बिझड़ जाना पड़ता था। विधायक ने पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को घर के पास ही आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर तक विभिन्न सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में सेमी ऑटो एनालाइजर की सुविधा उपलब्ध होने से अब क्षेत्रवासियों को अपने टैस्ट करवाने के लिए अन्य चिकित्सा संस्थानों या निजी लैब के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। सेमी ऑटो एनालाइजर के लोकार्पण के बाद विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का जायजा भी लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं, जिनमें से अधिकांश समस्याओं का निपटारा मौके पर ही कर दिया। जबकि, अन्य जनसमस्याओं के भी अतिशीघ्र निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।
इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की ओर से उठाई गई पेयजल समस्या के संबंध में इंद्र दत्त लखनपाल ने जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता को त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाने के आदेश जारी किए।

# मासिक धर्म के दौरान संतुलित आहर पर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**



बीएड मिलेनियम कॉलेज (सरू) चंबा में वो दिन योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ-साथ महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान उचित प्रबंध तथा संतुलित आहार पर जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस एक दिवसीय जागरूकता शिविर में महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान उचित प्रबन्धन और संतुलित आहार का रखे ध्यान रखने पर जोर दिया गया। इस दौरान इस विषय को लेकर इसकी जानकारी नाटक, नारा लेखन व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता द्वारा दी गई। जिसमें बीएड के छात्र-छात्राओं तथा संबधित अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी चम्बा शशि ठाकुर ने की। शिविर में मासिक धर्म, अनीमिया और बच्चे के जीवन के प्रथम सुनहेरे 1000 दिनों से संबधित नाटक प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग से डॉ. दीपिका ठाकुर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मासिक धर्म से जुडी मिथक भ्रांतियां तथा अनीमिया और बच्चे के जीवन के प्रथम सुनहेरे 1000 दिनों से संबधित विस्तृत जानकारी दी।

# 25 वर्षीय फौजी सचिन ने आर्मी के चंडी मंदिर अस्पताल में ली अंतिम सांस

**सचिन अपने पीछे डेढ़ महीने की बेटी, पत्नी नेहा शर्मा, मां कमलेश देवी के अलावा बहन साक्षी शर्मा को छोड़ गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



सिरमौर जिला के उपमंडल पच्छाद का 25 वर्षीय फौजी सचिन शर्मा पुत्र देव स्वरूप निवासी नावल ने बीती शाम अस्पताल में दम तोड़ दिया है। बता दें सचिन ने आर्मी के चंडी मंदिर अस्पताल में अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल 2023 को सचिन के घर बेटी ने जन्म लिया। 20 मई तक सचिन बिलकुल ठीक था। तेजी से स्वास्थ्य में सुधार भी हो रहा था।21 मई की सुबह भी सचिन ने बातचीत की, लेकिन इसके बाद धीरे-धीरे स्वास्थ्य बिगड़ता गया। 48 घंटे के भीतर ही सचिन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। सचिन अपने पीछे डेढ़ महीने की बेटी, पत्नी नेहा शर्मा, मां कमलेश देवी के अलावा कॉलेज में पढ़ रही बहन साक्षी शर्मा को छोड़ गया है।गौरतलब है कि 72 टैंक रेजीमेंट से 4 राष्ट्रीय राइफल्स में प्रतिनियुक्ति पर सेवारत फौजी 20 फरवरी को करीब एक माह की छुट्टी के बाद वापस डयूटी पर लौट रहा था। इसके लिए सचिन ने अंबाला से जम्मू की ट्रेन ली थी। टांडा रेलवे स्टेशन से आगे सचिन की आंख खुली तो पाया 2-3 व्यक्ति सवारियों के बैग को तलाश रहे थे। साथ ही महिलाओं से छेड़छाड कर रहे थे।इस पर सचिन ने आपत्ति की तो झड़प हो गई। एक ने सचिन पर पीछे से सिर पर वार कर दिया। लुटेरों ने सचिन का पर्स निकाला। इसके बाद उसे अचेत अवस्था में चलती ट्रेन से ही नीचे फैंक दिया गया। रात भर पटरी के नजदीक पड़ा रहा। होश आने पर बमुश्किल समीप एक गौशाला में पहुंचा। मौजूद लोगों ने उसे टांडा अस्पताल पहुंचाया।सचिन ने पूरी घटना यूनिट को भी बताई। लुटेरे बैग व पैसों के अलावा सचिन की सरकारी वर्दी भी ले गए थे। वहीं एसडब्ल्यूआर सचिन शर्मा की पार्थिव देह को मंगलवार शाम तक लाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हादसे के कुछ समय बाद ही सचिन कोमा में चला गया था। उधरए सैनिक कल्याण बोर्ड के उपनिदेशक मेजर दीपक धवन ने कहा कि अंतिम संस्कार के लिए तुरंत ही 15 हजार की राशि जारी कर दी गई है। जल्द ही 5 लाख रुपए की राशि का चैक भी भेंट किया जाएगा।

# तूफान से गिरा पेड़, 6 गाड़ियां आई चपेट में

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



मौसम के पूवार्नुमान के चलते नाहन में भारी तूफ ान और बारिश ने पूरे शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी तूफान के चलते यशवंत चौक के समीप शिमला रोड पर एक पेड़ के गिर जाने से पार्किंग में खड़ी 6 गाडि ?ां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। जबकि तीन चार गाडि ?ों को हल्का-फु ल्का नुक्सान हुआ है।पेड़ गिरने का धमाका इतनी तेज था कि आवाज सुनकर लोग घटनास्थल की ओर भागे। यह घटना कल देर शाम 8:40 के आसपास हुई है। जिस समय घटना हुई उस समय तूफान के चलते हैं पूरे शहर की बत्ती भी गुल थी। भारी तूफान के साथ-साथ जमकर मेघ भी बरसे।भारी बारिश और तूफान के चलते जो जहां था वहीं कोना तलाश कर रुक गया था। वहीं नाहन शिमला रोड पर तूफान के चलते सड़क पर खड़े पेड़ों के टहने गिरे पड़े। इस घटना के बाद पुलिस सहित वाहन ऑनर्स को भी सूचित कर दिया गया है। हालांकि घटना में किसी प्रकार का जानी नुक्सान नहीं हुआ है।

# सांसद प्रतिभा सिंह ने सेउबाग में अमृत सरोवर, पुलिया व धर्म बाग पार्क का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह ने आज ग्राम पंचायत गाहर के छरुडू में ग्रामीण हाट का भूमि पूजन किया। 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले ग्रामीण हाट में 30 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। जिनमें स्थानीय उत्पादों की विक्री के लिए स्थानीय सामुदायिक समूहों को स्थान दिया जाएगा। जिसमें यहां की महिलाओं को भी अपने उत्पादों को विक्री करने का अवसर मिलेगा। इसके पश्चात उन्होंने सेउबाग में अमृत सरोवर, पुलिया तथा धर्मबाग पार्क का लोकार्पण किया।उन्होंने कहा कि इस पार्क के बन जाने से सेउवाग व साथ लगते क्षेत्रों में पर्यटन की अन्य गतिविधियां




बढ़ेगी, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।व्यास नदी के किनारे बने इस पार्क में पर्यटकों के लिए फूड पार्क की सुविधा उपलब्ध होगी।जहाँ पर पर्यटक जिले के स्वादिष्ट एवं पौष्टिक आहार व व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही लगते अमृत सरोवर में पर्यटक नौकायन का भी आनंद ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त यहां एटीवी स्कूटर राइड, हॉट एअर बैलून जैसे साहसिक गतिविधियों को भी आरंभ किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान रोहित वत्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रोहित के प्रयास न केवल ग्राम पंचायत गाहर, कुल्लू जिला बल्कि पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरक हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा कीरतपुर-मनाली फोरलेन निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि इसके बन जाने से जहां कुल्लू मनाली आने वाले पर्यटक कम समय में पहुंच सकेंगे, वहीं स्थानीय लोग भी इससे लाभान्वित होंगे।सांसद प्रतिभा सिंह ने धर्मपार्क में ओपन जिम स्थापित करने के लिए सांसद निधि से 3.5 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने भी अपने विचार रखे। स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान व प्रदेश कांग्रेस महासचिव रोहित वत्स धामी ने मुख्यातिथि तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने ने ग्राम पंचायत में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी।इस अवसर पर पीपीटी के माध्यम से पंचायत के विकास कार्यों की प्रस्तुति दी।इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सेस राम आजाद, मनाली ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष हरिचंद शर्मा,जिला परिषद उपाध्यक्ष बीर सिंह ठाकुर, बीडीसी नग्गर के अध्यक्ष खेख राम, जिला परिषद सदस्य अरुणा ठाकुर, उपायुक्त आशुतोष गर्ग, एसपी साक्षी वर्मा व अन्य उपस्थित थे।

# वीपीएस ने हासिल किया बेस्ट टीम का खिताब



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना के सात विद्यार्थियों ने सीकेसी पंजाब स्टेट कराटे चैंपियनशिप में एचएमवी इंस्टिट्यूट जालंधर में हिस्सा लेते हुए बेहतर प्रदर्शन किया है। वशिष्ठ पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण पदक और दो रजत पदक जीतकर बेस्ट टीम ऑफ द इवेंट का खिताब जीता। कक्षा दसवीं की रितिका, प्रीतिश शर्मा, अथर्व और कक्षा छठी की दिव्यांशीका शर्मा और कक्षा पांचवीं की आराध्या ने स्वर्ण पदक हासिल किया। कक्षा सातवीं के विश्व अपमन्यू और कक्षा आठवीं के अंकित शर्मा ने रजत पदक हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विजेता रहे छात्रों को सम्मानित किया। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के बारे में दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

सोमवार को ग्राम पंचायत बकरोआ में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा भगेड़ द्वारा ग्राम पंचायत बकरोआ में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में शाखा प्रबंधक अजय ठाकुर की अध्यक्षता में एक कैंप आयोजित किया गया इस कैंप में कुल 50 से ज्यादा महिलाओं ने भाग लिया शाखा प्रबंधक अजय ठाकुर ने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि वह प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा



योजना का लाभ उठाएं मातृशक्ति से अनुरोध किया कि गांव की महिलाएं एकत्रित होकर स्वयं सहायता ग्रुप बनाएं और सभी लोगों को इस स्कीम से जोड़ें इसके अलावा उपस्थित महिलाओं ने इस बीमे के बारे में अपनी शंकाएं दूर की और जो भी उनको डाउट थे वह उन्होंने इसमें क्लियर किएआज के इस कैंप में बकरोआ पंचायत की प्रधान कमलेश कुमारी और पंचायत सचिव के साथ समूह के कई महिलाएं प्रधान और सचिव उपस्थित रहे।

## बंगाणा में आज बिजली बंद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

विद्युत उपमंडल बंगाणा के अधीन आने वाले क्षेत्रों में 25 मई सुबह 10 से लेकर शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

यह जानकारी विद्युत उपमंडल बंगाणा के इंजीनियर सुनील धीमान ने दी। उन्होंने बताया कि 11 केवी झगरोट लाइन की आवश्यक मुरम्मत और रखरखाव के चलते झगरोट, पिपलु, हटवाना, अलसान, बैरड, मरहोट आदि सभी इलाकों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने की स्तिथि में कार्य अगले दिन किया जाएगा।

# कुश्ती जैसी खेलें भी युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक :जितेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

जिले के बागी बिनौला में कुश्ती प्रतिस्पर्धा आयोजन में रहे मुख्यातिथि पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जितेंद्र चंदेल ने कहा कि बिलासपुर में कुश्ती खेल प्रतियोगिता का एक महत्वपूर्ण स्थान है। बिलासपुर में आयोजित होने वाली कुश्तियां न केवल यहां की कला, संस्कृति और वातावरण को प्रकट करता है बल्कि यहां के कुश्ती मेला विशेष रूप से यहां के लोगों की जीवनचर्या को भी प्रदर्शित करता है। आसपास के गांवों से अनेक लोग इन छिंज मेले में आते हैं और इन मिलन स्थल पर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। उन्होंने



युवाओं के लिए कुश्तियां भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इससे युवा नशे की चपेट में आने से भी बच सकते है। युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग व एकजुटता से ही युवा वर्ग को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए अपनी पारंपरिक कुश्ती खेलों की ओर भी बढ़ना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### एबीवीपी ने कालेज के विद्यार्थियों को दिखाई द केरल स्टोरी

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बुधवार को ऊना जिला के विभिन्न महाविद्यालयों में पढ़ रहे छात्र छात्राओं के लिए केरल स्टोरी फिल्म का शो स्पॉन्सर किया। इस दौरान करीब 315 कॉलेज छात्र छात्राएं द केरल स्टोरी देखने के लिए आईएसबीटी ऊना स्थित सिनेमा हॉल पहुंचे। द केरल स्टोरी देखने के बाद छात्राओं ने अपनी प्रतिकिया देते हुए कहा कि इस फिल्म में भारतीय सभ्यता और संस्कृति को तहस-नहस करने की साजिशों का खुलासा किया गया है। साधारण लड़कियों को ब्रेनवाश करते हुए आतंकवादी बनाए जाने की साजिशे इस फिल्म के जरिए दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि यह समय धर्म और संस्कृति के प्रति युवाओं को जागृत करने का है। अभिभावकों को इसकी पहल करनी चाहिए और छोटी आयु के बच्चों को ही उनकी सभ्यता और संस्कृति से परिचित कराते हुए उसके संरक्षण में योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। एक अन्य छात्रा ने कहा कि ब्रेनवाश करते हुए युवती और युवकों को आतंकवादी गतिविधियों में धकेले जाने की कहानी बेहद मार्मिक है।

### मर्सिडीज-बेंज ने A-Class limousine और अत्यधिक तेज Mercedes-AMG 45 S 4MATIC+ लॉन्च की



**चंडीगढ़**: भारत के सबसे बड़े लग्जरी कार निमार्ता मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने आज अपनी नई। 200 limousine और डाईनैमिक Mercedes-AMG A 45 S 4MATIC+ फेसलिफ्ट का लॉन्च करने की घोषणा की।पूर्णत: संतुलित अनुपातों और डिजाईन में विस्तार एवं उच्च गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए लेटेस्ट टइव और नई जनरेशन की टेलीमैटिक्स साथ नई Mercedes-Benz limousine ज्यादा इंटैलिजेंट, और स्टाईलिश होने के साथ इसमें ज्यादा सुविधाएं और विशेषताएं भी हैं। 200D का लॉन्च 2023 की चौथी तिमाही में किया जाएगा।मर्सिडीज- Mercedes-AMG A 45 S 4MATIC+ में 2.0 लीटर का शक्तिशाली टर्बो चार्ज्ड फोर-सिलेंडर इंजन है। यह कार ज्यादा इंटैलिजेंट और इन्ट्युटिव है और इसके फ्रंट में गर्व के साथ प्रतिष्ठित AMG क्रेस्ट लगा है, जो इसकी ह्यवनमैन, वन इंजन की विरासत का प्रमाण है।

# राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर), मनाएगा अपना रजत जयंती समारोह

**8 राजकीय महाविद्यालय में सयुंक्त बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य वर्मा ने की**

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) में सयुंक्त बैठक का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नेत्र सिंह वर्मा ने की। बैठक में पीटीए पूर्व छात्र संगठन, महाविद्यालय केन्द्रीय छात्र संगठन और शिक्षक तथा गैर शिक्षक पदाधिकारीओं तथा कर्मचारीओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य



एजेंडा महाविद्यालय के रजत जयंती समारोह के आयोजन करने के लिए विस्तृत विचार विमर्श किया गया। महाविद्यालय की स्थापना 11 दिसम्बर, 1997 में हुई तथा महाविद्यालय ने 25 वर्षो का कार्यकाल 11 दिसम्बर, 2022 को पूर्ण कर लिया है तथा वर्तमान वर्ष 2023 में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जायेगा तथा बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय का रजत जयंती समारोह 15 अगस्त से 15 सितम्बर, 2023 के बीच निर्धारित तिथि को मनाया जाएगा।

सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि रजत जयंती समारोह के भव्य आयोजन के लिए आयोजक समिति तथा कोष सृजन एवं प्रवंधन समिति का निर्माण किया जायेगा तथा महाविद्यालय कार्यालय द्वारा समितियों को अपनी-अपनी कार्य नियोजन रिपोर्ट 10 जून, 2023 से पहले महाविद्यालय प्रशासन को सौंपने के निर्देश जारी किए गए। नेत्र सिंह वर्मा ने बताया की रजत जयंती समारोह बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा जिसमें महाविद्यालय से पास आउट हो चुके पुर्व छात्र-छात्राओं को जो आज ही बड़े-बड़े ओहदों पर सेवारत हैं और देश सेवा कर रहे हैं उनको भी इस समारोह में बुलाया जाएगा और सम्मानित भी किया जाएगा।

## घर से कंप्यूटर सेंटर गई युवती लापता

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल हरोली के एक गांव की 17 वर्षीय नबालिग युवती अचानक लापता हो गई। मामले को लेकर परिजनों ने महिला थाना ऊना में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने पिता ने बताया कि मंगलवार को मेरी बेटी घर से कंप्यूटर सेंटर ऊना गई हुई थी। लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने बताया कि बेटी की काफी तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया।

# भारतीय जनता पार्टी मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

भारतीय जनता पार्टी मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र की बैठक विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने की। इस दौरान विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के 30 मई को 9 वर्ष पूरे होने पर 30 मई से 30 जून तक महासंपर्क अभियान शुरू किया जा रहा है जिसको लेकर सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं को आज की बैठक में दिशा-



निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भले ही कांग्रेस की सरकार बनी है लेकिन कांग्रेस सरकार अपनी दस गंटियों को पूरा करने में पूरी तरह से फेल हुई है और अब हिमाचल की जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा जारी की गई दस गारंटियों को लोगों के बीच रखा जाएगा और उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह से प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता को ठगा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 9 वर्षो के एतिहासिक कार्यों और योजनाओं से घर घर जाकर लोगों को अवगत करवाया जाएगा। 2024 में हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चारों सीटें प्रदेश की जनता भाजपा की झोली में डालेगी और केंद्र में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। अवसर पर सदर भाजपा अध्यक्ष मनीष कपूर, महामंत्री दीवान चंद ठाकुर, बालक राम, शिवराम ठाकुर, शिवरम वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# नगर परिषद परवाणू में रियूज व रिसाइकिल वेस्ट आइटम का कलेक्शन सेंटर खुला




**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**

नगर परिषद परवाणू में इन दिनों रियूज व रिसाइकिल वस्तुओं का कलेक्शन सेंटर बनाया गया है। यह मुहिम सरकार द्वारा मेरी लाइफ .मेरा स्वच्छ शहर अभियान के चलते चलाई गयी है। इसके अंतर्गत वेस्ट प्रोडक्ट को पुनः रिसाइकिल कर इस्तेमाल में लाने को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान पांच जून पर्यावरण दिवस तक जारी रहेगा।गौरतलब है की सरकार के दिशानिदेर्शों के आधार पर यह रिड्यूस, रियुस व रिसाइकिल आरआरआर कलेक्शन सेंटर नगर परिषद के प्रांगण में खोला गया है। इस कलेक्शन सेंटर मे रिसाइकिल कर इस्तेमाल में लाई जा सकने वाली वेस्ट जमा करवाई जा सकती है। हमारे घरों, कार्यालयों व उद्योगों में ऐसी कई वस्तुएं होती है, जिन्हें हम ऐसे ही कचरा समझ कर इधर-उधर फेंक देते है। उन वस्तुओं का दोबारा रिसाइकिल कर उपयोग किया जा सकता है। इनमे जूते, कपडे, किताबें, प्लास्टिक, खिलौने, लोहा इत्यादि मुख्य है। इसमें ई.वेस्ट के भी कई ऐसे पार्ट होते हैं जिन्हें दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सकता है। नप इस बारे लोगो को जागरूक कर रही है।नगर परिषद परवाणू के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने परवाणू नगर वासियों से निवेदन किया है की अधिक से अधिक वस्तुओं को नगर परिषद द्वारा खोले गए कलेक्शन सेंटर में जमा करवाए। इस अभियान के साथ अधिक से अधिक जुड़ें व शहर को स्वच्छ बनाये रखने में विभाग की मदद करे।

# जैव विविधता अंतर्राष्ट्रीय दिवस-2023 पर हिमाचल हॉलिडे होम में कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

जैव विविधता अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर हिमाचल प्रदेश राज्य विविधता बोर्ड (एचपीएसबीबी),क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र (आरसीएफ सी) व उत्तर राष्ट्रीय औषधीय बोर्ड (एनएमपीबी) के संयुक्त तत्वाधान में आज हिमाचल हॉलिडे होम शिमला में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें हिमाचल प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष राज्य जैव विविधता बोर्ड प्रबोध सक्सेना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जैव विविधता पर आधारित राज्य स्तरीय कार्यशाला को सम्बोधित करते करते हुए प्रबोध सक्सेना ने कहा कि वर्ष 2023 की जैव विविधता अंतर्राष्ट्रीय दिवस की थीम एग्रीमेंट टू एक्शन बिल्ड बैंक बायोडायवर्सिटी पर आधारित रखी गई है जो यूनाइटेड नेशन द्वारा पारित की गई थी।



उन्होंने कहा कि यह दिवस जैव विविधता जागरूकता बढ़ाने और जैव विविधता संरक्षण एवं टिकाऊ उपयोग के लिए उपयुक्त माप लेने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता दिवस का अपना विशेष महत्व होता है परन्तु इस वर्ष के वैश्विक उत्सव का महत्व कुनमिंग-मॉन्ट्रियल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क को अपनाने के साथ और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह फ्रेमवर्क जैव विविधता संरक्षण को लेकर आशा की एक नई किरण लेकर आया है। उन्होंने कहा कि राज्य जैव विविधता की सभी अनूठी विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसके संरक्षण के लिए सभी हितधारकों की तत्काल कार्यान्वयन की आवश्यकता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए बोर्ड द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने का मेरा एक ही उद्देश्य होता है और वह है कुछ नया सीखना व ज्ञान प्राप्त करना।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब युके व स्कॉटलैंड के शासक जैविक अनाज का इस्तेमाल करते थे लेकिन आम लोग जैविक अनाज का इस्तेमाल करने में असमर्थ थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोग धीरे धीरे जैविक खेती की ओर बढ़ रहे है और जैविक अनाज को भी इस्तेमाल करने लग गए है जो कि स्वास्थ्य की दृष्टि से एक अच्छा कदम है। उन्होंने पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित, मण्डी जिला के प्रगतिषील किसान नेकराम शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि नेकराम शर्मा ऐसे प्रगतिषील किसान है जिन्होंने जैविक खेती में बेहतरीन कार्य करते हुए किसानों बागवानों को भी जागरूक कर जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया है ।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जैविक खेती के क्षेत्र में उनकी विषिष्ट सेवा के लिए सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने प्रदेश के सभी किसानों बागवानों से आह्वान किया कि वह भी जैविक खेती को अपनाएं और अन्य लोगों को भी जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करें।

# सक्रियता, मानवीय-दृष्टिकोण एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य करें अधिकारी: अग्निहोत्री

## उप-मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा और परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गत दिवस को सडक सुरक्षा और परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी सक्रियता, मानवीय दृष्टिकोण एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं ताकि आम जन को इसका लाभ मिल सके।




उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों से प्रवेश करने वाली अनाधिकृत बसों पर सरकार जल्द ही कानून ला कर नियंत्रण करने जा रही है। इसके तहत उन बसों पर दैनिक 5 हजार, प्रति सप्ताह 25 हजार, महीने का 75 हजार और सालाना 9 लाख रुपए शुल्क वसूलने का प्रावधान किया जायेगा। शुल्क के माध्यम से प्रदेश को सालाना लगभग 10 करोड़ रुपए की आय प्राप्त होगी। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में बिना पंजीकरण सरकारी गाड़ियों को छोडकर अन्य सभी गाड़ियों पर लगी हुई प्लेट्स को भी हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में जेसीबी, पोकलेन एवं इसके अतिरिक्त अन्य भारी मशीनरी के पंजीकरण की जांच करने के निर्देश भी दिये ताकि प्रदेश में बिना कर दिए बिना कोई भी मशीन या गाड़ी कार्य न कर सके।उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर वर्ष बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग में वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व प्राप्तियों के तय लक्ष्य को लगभग 15 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है और जल्द ही तय लक्ष्य प्राप्त कर लिया जायेगा।उन्होंने कहा कि प्रदेश में वाहनों के विशेष फैंसी नंबर जारी करने के लिए संशोधित ई ऑक्शन प्रणाली 29 मई से पूरे प्रदेश में लागू की जाएंगी। इससे पूर्व प्रारंभिक तौर पर संशोधित ई ऑक्शन प्रणाली को बैजनाथ और शिमला प्राधिकरण में शुरू की गई थी। सफल परीक्षण के उपरांत यह प्रणाली पूरे प्रदेश में शुरू की जा रही है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में 327 नंबर फैंसी नंबर को ई ऑक्शन प्रणाली के लिए चिन्हित किया गया है, जिसकी दर 10 हजार से एक लाख रुपए तक निर्धारित की गई है। इस अवसर पर वाहनों पर लगने वाले कर पर भी विस्तृत चर्चा की गई।उन्होंने कहा कि मोटर वाहन निरीक्षक को अब चालान करने का अधिकार प्रदान किया जायेगा, जिस से वह वाहनों के निरीक्षण के साथ उनके चालान भी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश में 21 लाख 51 हजार वाहन पंजीकृत है। परिवहन के क्षेत्र में 3 लाख से अधिक एवं 18 लाख से अधिक गैर परिवहन के क्षेत्र में पंजीकृत हैं। प्रदेश में अब तक 15 लाख 12 हजार लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा चुके है। उन्होंने कहा कि बद्दी में 16 करोड़ रुपए की लागत से वाहन फिटनेस के लिए निरीक्षण और प्रमाणन केंद्र स्थापित किया जा रहा है जिसका निर्माण कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है।

# हिमाचल का हरित आवरण बढ़ाकर 30% करने का लक्ष्य

**शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को शिमला में आयोजित जाईका की वानिकी एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजनाओं (एनआरएम) की तीन दिवसीय 12वीं वार्षिक कार्यशाला को धर्मशाला से वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश के हरित आवरण को बढ़ाने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में राज्य में लगभग 28 प्रतिशत हरित आवरण है और प्रदेश सरकार ने वर्ष 2030 तक इसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए लिए जाईका की वित्त पोषित वानिकी और एनआरएम परियोजनाओं ने राज्य में हरित क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले दो वर्ष में उन्नत तकनीकों की मदद से 4 हजार 600 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर पौधारोपण किया गया है। सामुदायिक और वानिकी उद्देश्यों के लिए परियोजनाओं के माध्यम से उच्च गुणवता वाली पौध तैयार करने तथा 60 लाख से अधिक महत्वपूर्ण गुणवतापूर्ण प्रजातियों के पौधे विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त, राज्य भर में 72 नर्सरी का नवीकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल जैसे कृषि प्रधान राज्य में वन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदेश की अधिकांश आबादी अपनी आजीविका और अन्य रोजमर्रा की आवश्यकताओं के लिए वन संसाधनों पर अधिक निर्भर है।

जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने पर्यावरण हितैषी संसाधनों और समाधानों की खोज तथा वन संपदा को संरक्षित एवं बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## न्यूज फ्लैश

### वूमेन क्रिकेट मुकाबले में मंडी ने सिरमौर को किया पराजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

अंतर जिला वूमेन क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत बुधवार को हुए मुकाबले में मंडी ने सिरमौर को 319 रन से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। सिरमौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मंडी की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 420 रन बनाए। इस मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए शालिनी ने नाबाद 134 रन बनाए, जबकि हर्षिता 29 रन और नीना ने 28 रन बनाए। वहीं शिवानी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 32 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 177 रनों की नाबाद पारी खेली। वहीं गेंदबाजी करते हुए सिरमौर की ईशा और आस्था को एक-एक विकेट मिला। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सिरमौर की टीम की शुरूआत काफी खराब रही और पुरी टीम 42 ओवर में 101 रन पर आल आउट हो गई। इस मैच में पारखी ने 15 और रीनकी ने 14 रन ही बनाए। इसके आलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाया। गेंदबाजी करते हुए मंडी की निकिता ने सबसे अधिक 4 विकेट हासिल किए, जबकि दिव्या व साक्षी में 2-2 विकेट लिए और नीना ने एक विकेट चटकाया।

### नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की से गूंजा पातका मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव बाथू के बाबा बालक नाथ मंदिर पातका में श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म प्रसंग व उत्सव में भागवत कथा वाचक पंडित विनय तेजपाल ने ऐसा समां बांधा कि भागवत प्रेमी अपने आप को लेकर रोक नहीं सके। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की.. मै नचना शाम दे नाल अज मेनू नच लेन दे. धुन पर भक्त जम कर झूमे। भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित विनय तेजपाल ने हीरण्य कश्यपु व भक्त प्रहलाद के प्रसंग पर विस्तार से कथा सुनाया। साथ ही बामन अवतार, ध्रुव चरित्र, अजामिल के प्रसंग सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान कथावाचक पंडित विनय तेजपाल ने कहा कि पाप आंखों के रास्ते मन में पहुंचता है और मन के बाद मनुष्य कि बुद्धि को भ्रष्ट कर देता है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा अच्छी चीजें व अच्छे साहित्य धार्मिक ग्रंथ पढ?ा चाहिए, ताकि हमारा मन व बुद्धि स्वच्छ रहे। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से श्रोताओं व भक्तों के बीच बधाई के रूप में चाकलेट, माखन मिश्री टॉफी व खिलौने का वितरण किया गया। श्री मद् भागवत कथा का आयोजन बाबा बालक नाथ मंदिर कमेटी की और से करवाया गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे तथा भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुना।

### बढेड़ा में पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत गांव बढेड़ा में एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला है। मृतक व्यक्ति की पहचान मदन लाल उर्फ छोटू निवासी बढेड़ा के रूप में हुई है। मदन लाल करीब एक माह से लापता था, जिसकी शिकायत पुरिजनों ने पुलिस को भी दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पता किया जा रहा है कि मदन लाल ने आत्महत्या की है या फिर किसी ने मौत के घाट उतारा है।

जानकारी के मुताबिक मदन लाल निवासी बढेड़ा बीती 24 अप्रैल को अचानक घर से लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन मदन लाल का कोई पता नहीं चल पाया। ऐसे में परिजनों ने पुलिस को भी शिकायत दी है। बुधवार सुबह बढेड़ा के ग्रामीण जंगल में लकडि?ां काटने गए, तो उन्होंने पेड़ पर लटकता मदनलाल का शव देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ग्राम पंचायत प्रधान सहित परिजनों को दी। प्रधान की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने परिजनों के ब्यान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया।

# स्वास्थ्य जांच शिविर लगाएगी चेतना संस्था

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

चेतना संस्था के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में चेतना संस्था एवं कृष्णा उत्कर्ष के संयुक्त तत्वावधान में 26 मई को मरोत्तन पीएचसी और 27 को धारटटोह के रामलीला मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। चेतना संस्था के मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन शिविरों का आयोजन समाजसेवी हरीश नड्डा के प्रयासों से किया जा रहा है। इन शिविरों में एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों का चेकअप करेंगे और दवाईयों का वितरण भी करेंगे। शिविरों में एम्स के शिशुरोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग, मनचिकित्सा रोग, नाक, कान, गला रोग, कम्युनिटी हेल्थ मेडिसिन विशेषज्ञों व आईवीवाई सुपर स्पैशलिटी अस्पताल मोहाली से अस्थि रोग, हृदयरोग, स्त्री रोग व सामान्य रोग विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। स्वास्थ्य जांच के साथ साथ लोगों को निशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया जाएगा।



# क्विज प्रतियोगिता में चलोला व नंगल कलां स्कूल प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्कूली छात्रों के लिए अखिल भारतीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को हरोली में किया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक ऊना के मुख्य प्रबंधक युवराज आनंद उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों सेबढ़-चढकर इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का आह्वान किया। पीएनबी आरसीटी ऊना के निदेशक संदीप ठाकुर द्वारा प्रतिभागियों की लिखित परीक्षा ली गई तथा क्विज करवाई गई। पंजाब नेशनल बैंक उना के अधिकारी विशनीत एवं वित्तीय सलाहकार डीपी धीमान ने कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्रतियोगिता में खंड ऊना से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चलोला प्रथम, रावमापा चताड़ा द्वितीय तथा रावमापा चलोला स्कूल तृतीय स्थान पर है। वहीं खंड हरोली से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नंगल कलां प्रथम, रावमाप दुलैहड़ द्वितीय तथा रावमाप इसपुर तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर पीएनबी आरसिटी ऊना आकाश भारद्वाज, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरोली एवं उना के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार सहित विभिन्न स्कूलों के अध्यापक एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।



# होटल में जुआ खेलते पकड़े गए नौ जुआरी

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

जिला के एक निजी होटल में जुआ खेल रहे नौ जुआरियों को पुलिस ने धर दबोचा है। इनके पास से 1 लाख 26 हजार रुपये की नकदी और ताश की पत्तियां बरामद हुई हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध गैम्बलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामला शिमला जिला के रामपुर का है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि रामपुर के एक निजी होटल में बड़ी मात्रा में जुआ खेला जा रहा है, जिस पर रामपुर पुलिस ने होटल के कमरा नम्बर-तीन में दबिश दी और इस जुए के खेल को पकड़ा।

मौके पर पुलिस ने नौ लोगों को पकड़ा, जिनके कब्जे से 1.26 लाख की नकदी व ताश की पत्ती पकड़ी गई।



पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम बिक्रम, संजीव, मदन, पूर्ण भगत, अरुण, कुलदीप, सुनील, टीटू और देवराज बताए। ये कुमारसेन, रामपुर और ननखड़ी के रहने वाले हैं।

जांच अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आरोपियों के विरुद्ध थाना रामपुर में गैम्बलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### खाद्य वस्तुओं के परिवहन व ढुलाई कार्य हेतू निविदाएं 13 तक आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ऊना राजीव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित जलग्रां, गगरेट, अंब, बंगाणा व हरोली से उचित मूल्य की दुकानों तक खाद्य वस्तुओं के परिवहन/ढुलाई कार्य हेतू निविदा आमंत्रित की गई हैं, जोकि 13 जून सांय 5 बजे तक ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड हो जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्राप्त निविदाएं दिनांक 14 जून को दोपहर 12 बजे निविदाताओं या उनके प्रतिनिधियों के सामने या उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के सम्मुख उपायुक्त ऊना के कार्यालय में खोली जाएंगी।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रा.वा.मा.पा कल्पा की काव्य कुमारी व शिखा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर**

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जिला किन्नौर में कक्षा 8 से 10वीं तक के सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्पा में खण्ड स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कल्पा विकास खण्ड के 8 विद्यालयों के 16 छात्रों ने भाग लिया।यह जानकारी देते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नेश्नल बैंक रिकांग पिओ के तिलक राज डोगरा ने बताया कि पंजाब नेश्नल बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निदेर्शानुसार वित्तीय साक्षरता के तहत इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्पा से काव्य कुमारी व शिखा ने प्रथम स्थान जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बटसरी से ज्योति नेगी व तमन्ना ने दूसरा स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सापनी से सुषमा व अरमान ने तृतीय स्थान हासिल किया।उन्होंने बताया कि बैंक की तरफ से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 5000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 4000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 3000 रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप उनके बचत खातों में अन्तरित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को जिला प्रबंधक द्वारा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए जिला स्तर पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# हिमाचल पुलिस में 1226 कांस्टेबल की भर्ती जल्द, प्रस्ताव भेजा गया

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

हिमाचल प्रदेश पुलिस में जल्द ही 1226 कांस्टेबल की भर्ती होगी। बेरोजगार युवाओं को इस भर्ती की घोषणा का इंतजार है। प्रदेश में एक साल के भीतर दोबारा पुलिस कांस्टेबल की भर्ती होगी। पुलिस विभाग ने राज्य सरकार को इस आशय का प्रस्ताव भेजा है।




गृह विभाग ने इस मामले को वित्त विभाग के समक्ष रखा है। वित्त विभाग ने प्रस्ताव पर पुलिस महानिदेशक से सभी जिलों में कांस्टेबलों के क्रियाशील व रिक्त पदों का विवरण मांगा गया है। गृह विभाग ने पुलिस महानिदेशक को पत्र जारी किया है। इसके मुताबिक 1226 कांस्टेबलों में 877 पुरुष, 292 महिला कांस्टेबल और 57 चालकों को भर्ती किया जाना है।

पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि सरकार से हरी झंडी मिलने पर इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाऐगी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के 1334 पदों की भर्ती हुई थी। इस पर बवाल भी मचा था। दरअसल 27 मार्च, 2022 को लिखित परीक्षा हुई थी।बाद में खुलासा हुआ कि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इस पर तत्कालीन भाजपा सरकार ने परीक्षा को रद्द कर दिया था। इसके बाद जुलाई 2022 में लिखित परीक्षा हुई। चयनित कांस्टेबलों को सितंबर में नियुक्ति पत्र दिए गए।

# कुटलैहड़ भाजपा मंडलियों से चर्चा कर केंद्र की योजनाएं पहुंचाएगी जन-जन तक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल की बैठक बुधवार को थानाकलां में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र सरकार के 9 वर्ष के सफल कार्यकाल पूरा होने पर अगले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि मोदी सरकार के लगातार 9 वर्ष का कार्यकाल 30 मई को पूरा होने जा रहा है। ऐसे में कुटलैहड़ भाजपा 29 मई से अपने कार्यक्रम शुरू करेगी। इस कार्यक्रम में कुटलैहड़ भाजपा मंडल स्तरीय 60 लोगों की मंडली से चर्चा करके केंद्र सरकार की योजनाओ को जन जन तक पहुंचाएगी।



बैठक में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर भी चर्चा हुई तथा अंतराष्ट्रीय योग दिवस को कामधेनु गौशाला थानाखास में मनाने पर सहमति बनाई गई। इसके लिए राष्ट्रीय जिला पंचायत एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला उना पार्षद के उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा को 21 जून के अंतराष्ट्रीय योग दिवस का प्रभारी नियुक्त किया गया। कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के लिए जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए खर्च किए गए तथा बंगाणा कालेज में इंडोर स्टेडियम, बिहडु सडक, लाठियाणी मदली पुल निर्माण के लिए 900 करोड़ जैसे तोहफे से भी जनता को जागरूक करवाएगी। कंवर ने कहा कि केंद्र सरकार के ऐतिहासिक कार्य किए है, जिसके चलते उन्होंने दावा किया कि तीसरी बार लगातार भाजपा केंद्र में सरकार बनाएगी। कंवर ने कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक को चुनौती दी कि खुरवाईं जोल सडक, बंगाणा तूतडू को ठीक करवाएं। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र 5 माह में भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है, नशा माफिया क्षेत्र में पांव पसार रहा है। पूर्व मंत्री ने कुटलैहड़ के विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि 5 माह के कार्यकाल में अगर विधायक की कोई उपलब्धि है, तो वह जनता में सार्वजनिक करें।

इस मौके पर भाजपा प्रभारी विनोद ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, भाजपा मंडल कार्यकारी अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, बीडीसी चेयरमैन देवराज शर्मा, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष सूरम सिंह, मनमोहन शारदा, बीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू सहित अन्य उपस्थित रहे।

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT

Tel.01972-288041
Email [illegible]

INVITATION FOR BID (IFB)

The Executive Engineer HPPWD Division Barsar on behalf of Governor of H.P invited the percentage rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of Contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of work | Estimate Cost | Starting date for downloading Bid | Earnest Money | Deadline for Submission of Bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C/O link road Palasra to Bhagnil road km. 0/0 to 1/800 (Sh:- Imp. of curves in km. 0/525 to 1/800, both side approaches for the 4.00 mtrs. Span RCC slab type culvert at Rd. 0/510, P/L solid cross way at Rd. 0/840 to 0/870 & P/L GSB & WMM in Km. 0/800 to 0/840 & 0/870 to 1/800) Under OTMNP Head ) time limit :- Two Months Cost of tender form:- 2000/- Eligible class of Contractor :-D | 47,93,265/- | 26-05-2023 From 10.30A.M | 79,400/- | 01-06-2023 Up to 10:30 A.M |
| 2. | R/R Damage on Manpul Sera Kitpal road km. 0/0 to 4/500 (Sh:- P/L Bituminous concrete 30mm thick in km. 2/880 to 4/500) time limit :- One month Cost of tender form:- 500/- Eligible class of Contractor Class D | 22,54,231/- | 26-05-2023 From 10.30A.M | 41,400/- | 01-06-2023 Up to 10:30 A.M |

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

Executive Engineer,
HPPWD, Division Barsar
DistrictHamirpur H.P Pin.174305
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

RO No. 0806/2023-2024

